# यूपीईएस की टीम को मिला विजेता का खिताब

- यूपीईएस में यू-हैकथान 4.0 के विजेताओं की घोषणा
- विजेता टीमों को नकद पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस में यू-हैकथान 4.0 का चौथा संस्करण संपन्न हो गया। चौथे संस्करण में 24 घंटे के कोडिंग मैराथन में विभिन्न विश्वविद्यालय की टीमों ने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। विजेता टीमों को नकद पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया।

यूहैकथान का उद्घाटन का डीजीपी अशोक कुमार, टीआईई के संस्थापक प्रकाश, यूएनडीपी के राज्य प्रमुख डा.प्रदीप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में 1200 से अधिक प्रतिभागियों की 350 से अधिक टीमों ने मेटावर्स थीम द्वारा दी गई चुनौतियों को सुलझाने में अपने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। उद्योग और शैक्षणिक विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किये गये मूल्यांकन में 25 राष्ट्रीय टीमें और पांच अंतरराष्ट्रीय टीमें फाइनलिस्ट के रूप में उभरीं।




यूपीईएस में हैकथान की विजेता टीम।

राष्ट्रीय टीम में यूपीईएस की टीम हाइपरकिन को विजेता घोषित किया गया, जबकि टीएचडीसी इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रो पावर इंजीनियर एण्ड टेक्नोलाजी की टीम प्रथम रनरअप व जीएल यूनिवर्सिटी की टीम इनेक्सिया सेंकेड रनरअप रही। विजेता टीम (राष्ट्रीय) को एक लाख रुपये, प्रथम उपविजेता को 50 हजार व द्वितीय उपविजेता को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय टीम पुरस्कार में जर्मनी की कान्स्टेंज विवि की डाटडेवलपिंग टीम ने 1000 अमेरिकी डालर का नकद पुरस्कार जीता। जूरी पैनल में एप्पल के वरिष्ठ साफ्टवेयर इंजीनियर शुभम पटेल, रजत जैन, साफ्टवेयर डेवलपर माइक्रोसाफ्ट सुभेंदु रंजन मिश्रा, अंशुल वार्ष्णेय, बीपी बास्टिन रबिन्स, सीटीओ और क्लेवरइनसाइट के मुख्य वैज्ञानिक, अलर्ट एंटरप्राइज में उत्पाद ज्ञान और समाधान इंजीनियरिंग के वरिष्ठ निदेशक पीयूष जोशी, अंकुश मिश्रा, गुड गुड पिग्गी की सीईओ व संस्थापक पूर्वा अग्रवाल, श्रेयान मेहता आदि शामिल थे। यूपीईएस स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस विभाग के डीन डा.रवि एस अय्यर के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता थीम मेटावर्स के अवधारणा पर केंद्रित थी।

इस मौके पर केपीएमजी इंडिया के गेस्ट रिक्रूटर मुदित श्रीवास्तव, अनिल सिंह, जसपाल सिंह मौजूद थे,जिन्होंने प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान किये। कार्यक्रम का समापन यूएनडीपी के राज्य प्रमुख डा.प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।